## खबर संक्षेप

### 36 लाख रुपए का सोना लेकर दुकान का कर्मचारी चंपत

**सतना।** फूलचंद चौक स्थित एक सराफा व्यापारी के यहां से कर्मचारी 36 लाख रुपए कीमत का सोना लेकर फरार हो गया। फूलचंद चौक स्थित राजेश ऑर्नामेंट का कर्मचारी विनय सोनी 376 ग्राम सोना चुराकर भाग गया। घटना 25 मार्च की है। विनय सोनी मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रायपुर का रहने वाला है। वह राजेश ऑर्नामेंट के कारखाने में काम करता था। सिटी कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 316 (4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**संचालक ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया** – घटना के बाद पुलिस की एक टीम आरोपी की तलाश में रायपुर गई। लेकिन टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपी की तलाश जा रही है। इस मामले में राजेश ऑर्नामेंट के संचालक ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### बाउली के संरक्षण के लिए बाउंड्री वाल का किया गया भूमिपूजन

**मैहर।** मां शारदा देवी प्रांगण में बाउली के संरक्षण हेतु 18 लाख की लागत से बाउंड्री निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे जब कि अध्यक्षता कमलेश सुहाने ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्य सचिन मिश्रा,पूर्व पार्षद प्रमोद सिंह सहित मां शारदा देवी प्रबंधन समिति के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### झूले लाल जयंती पर रक्त दान शिविर आयोजित

**मैहर।** झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड के शुभ अवसर पर आज सिंधी धर्मशाला मैहर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने रक्तदान में भाग लिया। रक्त दान शिविर को संपन्न कराने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश का ब्लड कलेक्शन एण्ड ट्रांसपोटेंशन वैन अपने कर्मचारियों एवं सामग्री के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित सिंधी समाज में समाजसेवी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के पास नहर में गिरी बाइक

# दो छात्रों की डूबने से मौत, दो घायल

## वाटर पार्क से लौटते वक्त हुआ हादसा









*मेडिकल कॉलेज के पास शनिवार को नहर में बाइक गिरने से दो छात्रों की मौत हो गई,जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज जारी है।*

सतना।

चारों छात्र एकेएस यूनिवर्सिटी के हैं। ये लोग वाटर पार्क गए थे। वहां से लौटते वक्त हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक चारों छात्र दो बाइकों पर सवार होकर मेडिकल कॉलेज के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। अपने दोस्तों को बचाने के लिए दूसरी बाइक पर सवार दो छात्र भी नहर में कूद पड़े,लेकिन यह बचाव प्रयास उनके लिए घातक साबित हुआ। इस घटना में अनुराग सिंह और विकास पांडेय की डूबने से मौत हो गई,जबकि अग्र सिंह परिहार और ऋषभ सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने दो छात्रों को बचा लिया,जबकि दो की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दो छात्रों को बचा लिया, जबकि दो की मौत हो गई।

### वाटर पार्क से लौटते वक्त हुआ हादसा

घायल अग्र सिंह परिहार ने बताया कि हम चारों वाटर पार्क से लौट रहे थे। दो बाइक पर दो-दो लोग बैठे थे,इसी दौरान अनुराग और विकास की बाइक अनियंत्रित होकर नहर में डूब गई। हमने बचाने की कोशिश की,लेकिन हम भी डूबने लगे। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने हमें बचाया,लेकिन अनुराग और विकास की मौत हो गई।

### 100 मीटर दूर मिली बॉडी

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। शवों को नहर से बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि पानी के तेज बहाव के कारण एक शव करीब 100 मीटर दूर जाकर फंस गया था। मृतक छात्रों के परिजनों को सूचना दे दी गई है, और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हादसा बाइक के असंतुलन के कारण हुआ, लेकिन पुलिस अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है।

## जिले में फसल अवशेष या नरवाई जलाने पर प्रतिबंध जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 163 के तहत जारी किया आदेश

**सतना।** नरवाई से आग लगने की होने वाली घटनाओं,सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और पर्यावरणीय क्षति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर सतना जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा में फसल अवशेष,नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निर्देशों के उल्लंघन पर पर्यावरण क्षति पूर्ति की राशि 2500 से 15 हजार रूपये प्रति घटना वसूली जायेगी। साथ ही धारा 163 के तहत दण्डनीय भी होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश में फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। जिले में धान/गेहूं की नरवाई से कृषक भूसा प्राप्त करना चाहते हैं,तो उनकी मांग को देखते हुये स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के स्थान पर स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया जा सकता है। कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रहना अनिवार्य रहेगा। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम/स्ट्रा रीपर अनिवार्य किया जाकर जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी जिला सतना निरंतर निगरानी रखेंगे,साथ ही बिना स्ट्रा रीपर के कम्बाइन हार्वेस्टर चलाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करेंगे। किसान बंधु फसल अवशेष/नरवाई न जलायें बल्कि इसका उपयोग आच्छादन/मल्चिंग एवं स्ट्रा रीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन या भूसे के विपणन से अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नोटिफिकेशन से पर्यावरण सुरक्षा हेतु माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देश क्रम में एक्ट 1981 के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है।जिसे तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किये जाने के निर्देश हैं। निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर व्यक्ति/निकाय को नोटीफिकेशन प्रावधानानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। जिसमें दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500 रूपये,दो एकड़ से अधिक तथा पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 5000 रूपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। जिले में आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिये उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सतना नोडल अधिकारी होंगे।आदेश में उल्लेखित किसी भी शर्त का उल्लंघन होने की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र के पटवारी के साथ संयुक्त जांच कर प्रतिवेदन संबंधित तहसीलदार को भेजेगें।

## मंदाकिनी स्नान, पितरों का तर्पण करने के साथ भक्तों ने देव दर्शन कर गरीबों, ब्राह्मणों को कराया भोजन

# शनिचरी अमावस्या पर चित्रकूट में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सतना।

चैत्र अमावस्या पर शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में मंदाकिनी गंगा में स्नान करने के लिये श्रद्धालुओं का रेला अर्द्धरात्रि से उमड़ पड़ा। दोपहर तक करीबन 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के साथ सूर्य देवता को अर्घ्य देकर पितरों का तर्पण किया। तत्पश्चात गरीबों,असहायों,जरूरतमंदों को भोजन,वस्त्र,दक्षिणा आदि देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा स्नान के लिये जहां चित्रकूट के सभी घाटों पर भारी भीड़ दिखाई दी,वहीं मत्यगजेन्द्रनाथ मंदिर में भगवान शिव,भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजा तथा कामदगिरि की परिक्रमा करने के लिये हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा देखा गया।

### चाकचौबंद व्यवस्था

चित्रकूट में चैत्र अमावस्या मेला को लेकर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में चाकचौबंद इंतजाम किये गये हैं। मंदिर क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है,वहीं सड़कों पर यातायात का दबाव कम करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वाहनों को पुलिस द्वारा डायवर्ट करके चलवाया जा रहा है।



### पुलिस व एसएएफ जवानों की टुकड़ियां कर रही निगरानी

पुलिस प्रशासन द्वारा चैत्र अमावस्या मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये बड़ी संख्या में पुलिस एवं एसएएफ जवानों को जगह-जगह तैनात किया गया है। इसके अलावा सभी घाटों पर प्रशिक्षित गोताखोरों की टुकडियां लाइफवोट के साथ तैनात की गयी हैं। पुलिस जवानों द्वारा समूचे मेला क्षेत्र में घूम-घूम कर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के नियंत्रण हेतु पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है,जहां बैठकर पुलिस अधिकारी मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। चैत्र अमावस्या का दिन सनातन धर्म में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है।इस दिन पितरों का तर्पण और उनकी उपासना का विशेष महत्व है। कहते हैं कि जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु की तिथि नहीं पता है उनके द्वारा इस दिन उनका पिंडदान किया गया। ऐसी मान्यता है कि इससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी पापों से छुटकारा मिलता है। अमावस्या पर पूजा और व्रत करने से पापों का नाश होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,चैत्र अमावस्या पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए भी महत्वपूर्ण मानी गई है,जो जातक पितृ दोष की समस्या से लगातार परेशान हैं, उन्हें इस दिन किसी जानकार पुरोहित की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ उनका पिंडदान कराना चाहिए। माना जाता है कि चैत्र अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण और श्राद्ध करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

# मैहर मेला आज से, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

सतना।

चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार को प्रारंभ हो रहा है। प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ शक्ति की उपासना के पर्व का शुभारंभ होगा। नवरात्रि का समापन 6 अप्रैल को होगा। इस दौरान पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना सनातन धर्मावलंबी श्रद्धा-भक्ति के साथ करेंगे। मान्यता है कि दुर्गा माता की आराधना सच्चे मन से किये जाने से साधक को सुख-समृद्धि, उन्नति,शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। नवरात्रि मेला की सभी व्यवस्थाओं को प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा चुका है। मैहर कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल द्वारा संपूर्ण मेला स्थल का गत दिवस भ्रमण करके व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। नौ दिवसीय मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिये पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में पुलिस बल ने अंतिम पूर्वाभ्यास किया। एसपी ने मंदिर परिसर में बनाये गये विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट्स का मुआयना किया।

### 6 जोनों में बांटा गया मंदिर परिसर

एसपी ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये मंदिर परिसर को 6 जोन में विभाजित किया गया है। जिसमें 50 से अधिक ड्यूटी प्वाइंट बनाये गये हैं। कुछ नये प्वाइंट भी जोड़ दिये गये हैं। दर्शनार्थियों को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के लिये बाइक पेट्रोलिंग के निर्देश भी दिये गये हैं। एसपी ने कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसकी पूरी कोशिश की जायेगी। मेला परिसर एवं सीढ़ियों पर जगह-जगह आधा सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं,जो मंदिर परिसर की सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। गत दिवस मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के समय एएसपी चंचल नागर,एसडीएम मैहर विकास सिंह,एसडीओपी अमरपाटन प्रतिमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### नवरात्रि के दौरान मैहर में मांस, मछली, अंडे के विक्रय पर रोक

धार्मिक और पवित्र नगर मैहर में नवरात्रि पर्व का आयोजन 30 मार्च से 7अप्रैल तक किया जा रहा है। एसडीएम विकास सिंह ने आदेश जारी कर मैहर नगर में इस दौरान मांस मछली अंडे के विक्री पर रोक लगा दी है।

### नवरात्रि मेले में 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे

मैहर में चैत्र नवरात्रि मेले में मां शारदा देवी मंदिर में आने वाले अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालु और दर्शनार्थी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने विभिन्न स्थानों पर 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। इसके अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने कर्तव्य स्थल पर सहयोगी कर्मचारी के साथ निर्धारित पाली में तैनात रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रोपवे कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर डॉ.आरती सिंह एवं दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक के लिए तहसीलदार रामदेव साकेत को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार मंदिर प्रांगण ऊपर प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक की पाली में नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी,सीसीटीवी कन्ट्रोल डयोढी में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर सुश्री आशिमा पटेल और दोपहर 1 बजे से रात्रि में पट बंद होने तक कृषि विस्तार अधिकारी रितेन्द्र बागरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। मेला प्रांगण फारेस्ट बैरियर से लालगेट तक प्रातः 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार रोशनलाल रावत,सेकेण्ड राउण्ड सीढी में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार ललित धुर्वे और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक परियोजना अधिकारी अखिलेश दीपांकर तिवारी को कार्यपिलक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वी आई पी तल सीढी चैनल गेट में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक आरएईओ विनोद निगम और दोपहर 1 बजे रात्रि पट बंद होने तक कृषि विस्तार अधिकारी विवेक शुक्ला को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ सहयोग के लिए एक-एक राजस्व अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है। रिजर्व में सहायक संचालक मत्स्य सुर्जन सिंह,पशु चिकित्सा डॉ.प्रदीप द्विवेदी एवं और परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी को रखा गया है।

# शूरवीर ठेकेदारों को विजय उत्सव में किया गया पुरस्कृत

**सतना।** जेके सीमेंट द्वारा आयोजित विजय उत्सव कार्यक्रम सतना के सिटी पार्क रिसॉर्ट में 3 जिले सतना,पन्ना,कटनी के सभी शूरवीर ठेकेदारों का सम्मान किया गया। साथ में उनके लिए विभिन्न प्रकार के खेलों तथा मनोरंजन का भी आयोजन किया गया। जिसमे बलून शूटिंग,रिंग गेम,मटकी फोड़ गेम खिलाए गए एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जेके सीमेंट तकनीकी विभाग क्लस्टर हेड सिद्धार्थ कोठिया द्वारा सभी ठेकेदारों को जेके सीमेंट की कार्यशाला में तकनीकों का उपयोग कर भवन को मजबूत बनाने की जानकारी एवम सीमेंट के गुणवत्ता से अवगत कराया गया एवं जे के सुपर सीमेंट के तकनीकी स्टेट हेड सुधीर मिश्रा सेल्स स्टेट हेड राजकुमार द्विवेदी सर द्वारा सभी ठेकेदारों का स्वागत किया गया एवं उन्हें कंपनी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। जिसमें जेके सीमेंट के अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित विक्रेता बंधु सतना जिले तथा पन्ना जिले के बी ओ एवं सी एंड एफ अनिल पाण्डेय तथा पन्ना जिले के बी ओ सी एंड एफ सजल मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विशेष डांसर्स की टीम द्वारा कई शानदार प्रस्तुतियां दी गई। जे के सीमेंट के स्टेट हेड तकनीकी सेवा विभाग सुधीर मिश्रा द्वारा सभी ठेकेदारों को नए तकनीक का उपयोग करके भवन को मजबूत बनाने तथा गुणवत्ता का आकलन करने की विधि बताई गई। इस कार्यक्रम में शूरवीर ठेकदारों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया जिसमे 5 लकी ड्रॉ निकाले गए जिसमे मोटर साइकिल,फ्रिज, वाशिंग मशीन,टीवी,कूलर आदि समान वितरित किए गए। इसके अलावा सूरवीर ठेकेदारों द्वारा रिडीम किए हुए उपहार जैसे फ्रिज, टीवी, मोबाईल फ़ोन, कूलर, मिक्सी,ट्रॉली बैग, कुकर, इलेक्ट्रिक कैटल,गैस स्टोव और भी अन्य बड़े उपहार सभी ठेकेदारों को वितरित किए गए।





# जल की जरूरत जब जोरों पर अब जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जल संरचनाओं को संवारने चलेगी मुहिम

मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जहां जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर विगत 12 मार्च 2025 को महत्वपूर्ण बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार अब जल संरचनाओं पूर्व में महत्मागांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर कार्यो को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कही गई बात। साथ ही जल संरचनाओं के क्षेत्र में जो अतिक्रमण की दास्ता है एक बार फिर हटाने को लेकर चलेगी मुहिम। जल सरचनाओं को लेकर सभी का ध्यान जल की जरूरत के समय। पन्ना। जहां ग्रीष्मऋतु में भीषण गर्मी के दौरान जल की पुरजोर जरूरत होती है तभी हमें जल संरचनाओं को लेकर संवारने का कार्य याद आता है। वैसे तो जल ही जीवन है तो इस पर सरकार कितनी जिम्मेदार के साथ भविष्य को ध्यान में रखकर जल की जरूरत को पूर्ण करने के लिए आगे दिशा तय करेगी। यह तो भविष्य को लेकर ही माना जा रहा है। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जहां पूर्व में जो अमृत सरोवरों के कार्य कराये गये थे क्या राजस्व रिकार्ड में ये पहले से दर्ज नहीं होगें। आखिर जहां स्वीकृति तो नक्से खसरे के साथ आरंभ होती है वहां एक बार फिर राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने की बात अपने आप में फिर आखिरकार इससे साफ जाहिर होता है कि यह अमृत सरोवरों की दास्ता क्या जिम्मेदारों ने पहले ही गौर नहीं किया क्या। वहीं देर आये दुरस्त आये एक बार फिर समय हमारे आप के साथ जो अमृत सरोवर बनाये गये है ये राजस्व रिकार्ड में अभिलेखों में दर्ज कराये जाने को लेकर प्रमुखता मानी जा रही है। वहीं जल संरचनाओं में किस तरह से अतिक्रमण के हालात है इन्हें चिन्हित करने एवं अतिक्रमण हटाने हेतु विभागों का समन्वय भी कार्य करेगा। अब यहां एक बार फिर सवाल खड़ा होगा आखिर जल संरचनाओं में अतिक्रमण कैसे हो जाता है इसके पीछे कौन है जिम्मेदार क्या अतिक्रमण एक दिन में या सप्ताह में होता है। यह नहीं है दास्ता यह है कि जब हमें जल की जरूरत पुरजोर होती है तब हमें जल संरचनायें याद आती है। इतना ही नहीं सार्वजनिक जल संचनायें जो समाज के लिए बनाई गई थी उनकी सुरक्षा व रख-रखाव को लेकर हम गंभीर नहीं। कारण हालात बदले विकास की दास्ता अब बदलाव के साथ पहले तालाब गांवों में जहां होते थे उनकी जरूरत सबको होती थी
अ ब





घ रो
में नल से जल
जल की कहानी बनी हुई है भले ही नल से भी जल न मिले और तालाब में भी जल न बचे फिर भी सार्वजनिक तालाबों को लेकर हम आप उन्हें बर्बादी की दास्ता के लिए छोड़ चुके है। क्योंकि अब जरूरत तालाबों मजबूर लोगों को वहीं पशु पक्षियों को पशुओं को मानी जा रही हैं। साथ ही अन्य संरचनाओं की बात करें तो कुएं से पानी भरना सायद अब किसी गांव में होता हो। यह तो पीछे छोड़ चुके है पर कुआं आज भी जल स्तर को बनाये रखने के लिए प्रमुख माने जाते है। वहीं नलकूप जल स्तर को मिटाने के लिए बाखूबी जाने जाते है। साथ ही बावड़ियों की बात करें तो स्टेट समय में बावडियों की जरूरत राहगीरों के लिए मानी जाती थी। अब तो राह गाड़ियों में तय होती है बावड़ियों की ओर ध्यान कहां। हां प्राचीन संस्कृति की धरोहर कहें जिसे सहेजना हमारी जिम्मेदारी थी पर गौर नहीं किया गया। अब सबसे बड़ी प्रकृति प्रदत्त झरने जो बारिश का पानी हमारे पहाड़्रें से गिराते है नालों के रूप में नदियों में पहुंचते है इस जल को जो नालों के माध्यम से एक साथ ही कई गांवों के लिए जल प्रदान करते थे इन पर भी स्टॉप डेम बनाये गये उनका पानी रोका गया लिहाजा सीमित हुआ लाभ जल स्तर का। साथ ही नदियों की बात करें तो अवैध रेत उत्खनन जो जल स्तर को बर्बाद करने के लिए बाखूबी जाना जाता है। फिर भी मजबूर है सफेद पोसधारी व जिम्मेदारों के संरक्षण में खुले आम अवैध तरीके से नदियों के स्वरूप को ही बर्बाद कर दिया गया। जल स्तर सतत घटता जा रहा है। अब जल स्तर खोजना होगा कितनी गहराई पर पहुंच रहा है। नदी ही बिलुप्त होगी ऐसा माना जा रहा है क्या भागीरथ के रूप में कोई सामने आयेगा जो पुनः नदी को गंगा के रूप में फिर लायेगा। यह हालात अपने जीवन के लिए है हम आपने संकट में डालने के लिए जल को खत्म करने के हालात तय कर लिए है विकास का क्रम कहें या कि विनाश का यह तो सवाल ही है। आखिर आज हम जल संवर्धन की कहानी एक माह या दो माह लोगों को याद दिलायेगें आखिरकार जल ही जीवन है तो फिर हम अपने जीवन को बचाये रखने के लिए जल को तो बचाये। जब जरूरत है ग्राम सभाओं के माध्यम से सोच बदलने की ताकि अभी भी वक्त के साथ संभल जाये वरना जल के बिना जीवन बचा पाना संभव कैसे होगा। क्योंकि हम आप वनों के विनाश को लेकर भी जाने जाते है। नदी पहाड़, जंगल जो हमारे जल के लिए जरूरी है फिर भी हम महज औपचारिकताओं में अपने तक सिमट कर रह गये। अपने घर में ही जल ट्यूब बेल के माध्यम से जरूरी समझते है कहां से जल सरंचनायें बच पायेगी।

## खबर संक्षेप

### एआरएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटरा सलेहा में छात्रों की शानदार सफलता



**सलेहा।** एआरएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से एक बार फिर से स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 8 की अनुष्का द्विवेदी पिता मनोज द्विवेदी सलेहा ने 94ः अंक प्राप्त किए। शिवशंकर मिश्रा पिता रामेश्वर प्रसाद मिश्रा ने 91.3ः अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 5 की माही मिश्रा पिता रामकुमार मिश्रा बंधौरा ने 95.2ः, लक्ष्मी तिवारी पिता शैलेंद्र तिवारी दतुन्हा ने 94.2ः और गुंजन चौरसिया पिता संतराम चौरसिया नयागांव ने 93ः अंक प्राप्त किए। विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम में 105 अध्ययनरत छात्रों में 48 छात्रों ने 80ः से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के संचालक मनोज विश्वकर्मा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र इसी प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

### फाइलों का संचालन ई-आफिस पोर्टल से करने के निर्देश

**दमोह।** शासन द्वारा जिला स्तर पर 31 मार्च 2025 तक जिले के समस्त कार्यालय में ई-आफिस प्रणाली लागू की जाकर फाइलों का संचालन ई-आफिस पोर्टल के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये है। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका, नगर परिषद अधिकारी सहित जिले के समस्त अधिकारियों से कहा है ई-आफिस प्रणाली के लागू होने से कलेक्टर (ई-गवर्नेन्स) को समग्र संबंधी प्रस्ताव यथा डीलिंक, त्रुटिवश मृत या डिलीट मार्क समग्र रिकवरी, डुप्लीकेशन, अन्य तकनीकी समस्याओं संबंधी समस्त पत्राचार पीडीएफ फार्मेट में (न्यूनतम 200 डीपीआई स्कैनिंग) कार्यालयीन ई-मेल आई degmdam@mp.gov.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। पीडीएफ प्रति ई-मेल पर उपलब्ध न कराने की स्थिति में संबंधित प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं की जायेगी।

## शांति सद्भाव के साथ सभी त्यौहार मनायें आम जनता-थाना प्रभारी अमानगंज



### शांति समिति की बैठक और विदाई समारोह संपन्न

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना में आज नवनियुक्त थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा शांति समिति की बैठक नगर के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी,स्थानीय जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिक, मीडिया तंत्र की उपस्थिति में साइ मंडप में आयोजित की गई। जहां बैठक उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना परिचय देने के साथ ही आगामी आयोजनों की जानकारी दी। थाना प्रभारी माधवी जी ने अपना परिचय देने के साथ ही उपस्थित गण नागरिकों आम जनता जनार्दन से आगामी त्यौहारों को पूरी तरह शांति सद्भाव के साथ मनाए जाने की अपील की। ज्ञात हो कि चौत्र नवरात्रि पर्व एवं ईद त्योहार को सामंजस्य से मनाए जाने की अपील की। इसी बीच पूर्व थाना प्रभारी



महेंद्र सिंह भदोरिया को रोली तिलक कर फूलमाला पहनाकर और विभिन्न उपहार भेंट कर उनको भावभीनी विदाई दी गई। आयोजन मे स्थानीय नायब तहसीलदार पल संध्या एवं हेमंत अवधिया, सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह भदोरिया के अलावा नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक, उपाध्यक्ष सौरभ दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश जी, लल्लू लाल रावत सहित सभी प्रतिनिधि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपीगणों को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक-09.01.2019 को सूचनाकर्ता जगदीश सिंह निवासी मेहगंवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट की थी कि उसका भतीजा सुनील उर्फ भलुआ पिता दरबारी बागरी उम्र-23 साल निवासी मेहगंवा का 15 दिन पहले गुम गया था, जिसकी रिपोर्ट पर गुमइंसान कायम कर गुम इंसान की जांच की गई। दौरान जांच दिनांक-05.09.2019 को ग्राम मेहगंवा के महराज गिरी के खेत में एक अज्ञात शव गड्डे में गड़े होने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर सूचनाकर्ता लखनलाल निवासी मेहगंवा की रिपोर्ट पर देहाती नालसी मर्ग कायम कर शव को उखड़वा कर शव पंचनामा कार्यवाही किया जाकर थाने पर असल नंबर मर्ग क्रमांक-07/19 धारा-174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया दौरान जांच मृतक के शव का पी.एम. कराया गया। मामले में साक्षीगण के कथन उनके बताए अनुसार लेख किये गये। मामले में साक्षीगणो के कथन व जो उनके द्वारा जानकारी दी गई उसमें पाया गया था कि दिनांक-27.10.2018 को दीपक सूरत गुजरात अंकलेश्वर से मेहगंवा आया तो उन्होंने सलाह बनाकर भलुआ उर्फ सुनील को अपने साथ लिया व मुर्गा पार्टी का प्रोग्राम बनाया और दीपक द्वारा सुनील उर्फ भलुआ से कहा कि चलो भाई है आज कुछ खाया जाये तब सुनील को लेकर यह लोग जगरूप आदिवासी के यहां गये, वहां बैठकर इन्होंने शराब पिया और वहां पर मुर्गा खाया इसी दौरान शिव विजय व सुनील उर्फ भलुआ का विवाद होने लगा जिस पर शिवा ने सुनील उर्फ भलुआ को रोका पर जब वातावरण बढ़ने लगा तब पास में रखे डंडा को दीपक ने सुनील उर्फ भलुआ को मारा व शिव विजय व शिवा बागरी तीनों ने मिलकर डंडों से मारपीट कर उसे मार डाला उसकी हत्या कर दी, हत्या करने के बाद इन्होंने शव को बोरा मे रखकर गांव के बाहर कुडरियन हार नाले पर ले गये और कुड़रियन हार के भरका नाले में गड्डा खोदकर भलुआ उर्फ सुनील का शव उसमें गाड़ दिया तथा उस पर नमक भी डाला पेट न फूले इसके लिए शिव विजय ने ब्लेड से सुनील उर्फ भलुआ के पेट में चीरा लगा दिया पेट को फाड़ दिया और मिट्टी डालकर ढक दिया व उसी भरका के उपर बबूल का पेड़ लगा था उसकी डाल काटकर उसे गड्डे के उपर रख दिया था कि कोई किसी प्रकार की शंका न करे। भलुआ उर्फ सुनील को अंतिम बार इन्हीं के साथ देखा गया इसी आधार पर दीपक, शिवा को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्री सुनील द्विवेदी द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण- 1. शिवा बागरी 2. दीपक बागरी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण- 1. शिवा बागरी 2. दीपक बागरी को धारा 302 सहपठित धारा 34 भादंसं. एवं धारा 201 भादसं. में क्रमशः आजीवन कारावास एवं 03 वर्ष का कठोर कारावास से दण्डित किया गया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल, पवई के दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन



**पवई।** सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल, पवई के मेधावी छात्र दिव्या पटेल और प्रिंस चौधरी ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों अजय पटेल, रूपाली ब्रजेश पटेल, आनंद चौधरी, अभिनव, प्राक्षी, आरती, शिखा, नंदनी, रानी और कंगना सहित पूरे विद्यालय परिवार को दिया है। शिक्षकों ने भी छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन समिति ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय ने भविष्य में भी छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि कलेक्टर पन्ना की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वार्षिकोत्सव अंतर्गत कैरम, शतरंज, मेहँदी, लेमन रेस, कुर्सी दौड़, शेक रेस, फूड स्टाल के साथ-साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 मार्च से 28 मार्च तक किया गया था। वार्षिकोत्सव अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप दिनांक 29 मार्च को हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पॉलीटेक्निक पन्ना, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश गौतम, उद्योग प्रतिनिधि के रूप में जनभागीदारी समिति में नामित उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्था प्राचार्य, विभागाध्यक्ष सीएसई, व्याख्याता सीएसई के साथ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी द्वारा संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें संस्था के प्रारम्भ से लेकर नए ब्रांच शुरू होने, संस्था की कमियों के बारे मे भी बताया तथा नवीन भवन हेतु 1473 लाख के प्रस्ताव की जानकारी तथा संस्था में हुये प्लेसमेंट की जानकारी एवं प्लेसमेंट बढ़ाए जाने हेतु की जाने वाली कार्यवाही से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। आगामी 4 अप्रैल एवं 8 अप्रैल को शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की अपील भी की गई। इसके पश्चात श्रीमति वर्षा प्रजापति, व्याख्याता सीएसई द्वारा महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश गौतम द्वारा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर वर्ष करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्लेटफार्म प्रदान करने, स्वयं के माध्यम से अन्य को रोजगार देने हेतु उद्यमिता की ओर जाने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा भारतीय संस्कृति, संस्कार को आत्मसात करने एवं एकल परिवार की कमियों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया तथा विद्यार्थियों को सफल-सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पॉलीटेक्निक पन्ना द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि तकनीकी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के साथ-साथ स्वरोजगार की ओर जाने की सलाह दी । इसके अलावा विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करते हुये ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराते रहने एवं आगामी किसी सत्र में यह कार्यक्रम टाउन हाल में कराने के लिए भी कहा। प्लेसमेंट के लिए बड़ी कम्पनियों के बुलाये जाने हेतु सहयोग करने के लिए संस्था प्राचार्य को निर्देशित भी किया। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के सुखमय भविष्य की कामना करते हुये संस्था में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, युवा उत्सव एवं मेरिट में आए हुये विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र, मैडल से सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ इकबाल मोहम्मद द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें लोक नृत्य, विभिन्न क्षेत्रों के परिधान पर रैम्प वाक, प्रहसन एकल गीत, एकल नृत्य, जैसे विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी सम्पन्न हुये। कार्यक्रम के समापन के दौरान उत्कर्ष श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष सीएसई द्वारा अपने आभारी उद्बोधन में बताया गया कि महाविद्यालय में दिनांक 26 मार्च को आयोजित फूड स्टाल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता की योग्यता का बेहतरीन प्रयोग करते हुये लगभग 8000 रुपए का लाभ अर्जित किया था, श्रीवास्तव ने आगे बताया कि सिविल एवं मैकेनिकल हेतु पदों की स्वीकृति के प्रयास, प्रवेश वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयास, विद्यार्थियों के द्वारा किए गए जे के सीमेंट के औद्योगिक भ्रमण, निर्माणाधीन सीएम राइज़ स्कूल के विजिट की जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया गया। इसके साथ-साथ निर्वाचन के दौरान स्वीप गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन, जिला स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता, कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम, मद्य निषेध सप्ताह पर कार्यकम, बलिदान दिवस आदि पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम जैसे निबन्ध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन श्रीमति शिवांगी जैन, अंशुमान रेले, अतिथि व्याख्याता एवं विद्यार्थियों की ओर से उन्नति सेन एवं मोहित त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश द्विवेदी, देवब्रत चतुर्वेदी, हरीश पाठक, मूलचंद सिंह, श्रीमति सोनू, हरगोविन्द कुर्मी, श्रीमति पूजा खरे, श्रीमति शायना परवीन, श्रीमति मोनिका गुप्ता, श्री अमित ताम्रकार, श्री कौशल कोरी, श्रीमति नीलोफर जहाँ, श्रीमति रुचि खरे, सुभाष पांडे, सुरेन्द्र कुशवाहा, जीवन लाल सिद्धार्थ,संतोष साहू, जीतेंद्र, ओमप्रकाश, बुद्धसेन, चमन, ताराचंद, सुखलाल, पुनीत, कल्लू, सुनील, घनश्याम, शत्रुघन एवं अशोक पाण्डेय ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमति वर्षा त्रिपाठी, श्रीमति ज्योति रेले भी उपस्थित रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी संबंधित विभाग निर्देशों का अक्षरशः पालन कर अभियान को सफल बनाएं- कलेक्टर

### अभियान में जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराएं



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जल गंगा संवर्धन अभियान के आयोजन में सभी संबंधित विभाग को निर्देशों का अक्षरशः पालन कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के अवसर पर अभियान में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजन की जिले में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए संबंधित विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को सौंपी गई जवाबदेही का क्रियान्वयन समय सीमा में कराने के लिए कहा। संपूर्ण जल गंगा संवर्धन अभियान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कइस वर्ष प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना, संस्थागत व्यवस्थाओं के अलावा 15 प्रमुख विभागों को सौपे गए दायित्वों की पृथक-पृथक समीक्षा कर क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो विभागीय दायित्व सौंपे गए हैं, उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्थानीय स्तर की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत कार्ययोजना बनाएं और उनके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यों की मॉनीटरिंग के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अधिक से अधिक समाज का जुड़ाव और जनभागीदारी हो और जल के उपयोग, संरक्षण की महत्ता संबंधी दायित्वों का स्वंय पालन करें और अन्य समाजबंधुओं को अभिप्रेरित करें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजन और क्रियान्वयन के संबंध में जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, उसका जिले में अक्षरशः क्रियान्वयन हो और उपलब्धियां स्पष्ट रूप से परलक्षित हों। कलेक्टर ने कहा कि अभियान से संबंधित तमाम जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और अभियान की मंशा से जिले का हर नागरिक परिचित हो। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर आयोजनो का ब्यौरा आमजनों तक पहुंचाने के सफल प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व वर्षो में निर्मित कराए गए सभी जल स्त्रोतों का संवर्धन हो, इसके लिए साफ सफाई, जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, मानसून में पौधरोपण अधिक से अधिक हो इसके लिए पूर्व में ही तैयारियां सुनिश्चित करने के अलावा अभियान का शुभांरभ तथा कार्यवधि के दौरान संपादित होने वाले कार्यों तथा संस्थागत व्यवस्था और सहभागी विभाग पर गहन प्रकाश डाला। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सतीष शर्मा, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में कटी 50 हजार की जेब

छतरपुर। जिला मुख्यालय पर मौजूद सबसे बड़े अस्पताल के भीतर चोरों का आतंक लगातार जारी है। शनिवार को एक बार फिर चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आयी है। यहां एक 50 वर्षीय व्यक्ति की जेब काटकर चोरों ने 50 हजार रूपए की राशि उड़ा दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम सीगोंन थाना अजनर जिला महोबा के रहने वाले मुस्ताख खान की बहू गुलजार बेगम का शनिवार को जिला अस्पताल में प्रसव हुआ था वे प्रसव के लिए जिला अस्पताल आए थे और इलाज खर्च के लिए जेब में 50 हजार रूपए की गड्डी डाले हुए थे तभी अचानक चोरों ने उनके कपड़ों में ब्लेड मारकर 50 हजार रूपए की गड्डी चोरी कर ली। मुस्ताख खान ने सिटी कोतवाल में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल से चोरी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

### आज होगी कोटि सूर्योपासना ऑडिटोरियम में होगा विक्रमादित्य नाटक का मंचन

छतरपुर। नव संवत्सर के प्रारंभ होने पर पूरे मध्यप्रदेश के सभी जिलों में विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शहर के ऑडिटोरियम में शंखनाद नाट्य मंच के कलाकार लाइट एंड साउंड पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देंगे। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है जिसमें नाट्य मंचन के माध्यम से विक्रमादित्य का शौर्य, पराक्रम, न्यायप्रियता और विक्रम संवत की स्थापना को मंच के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इस नाटक का लेखन रंगकर्मी प्रसन्न सोनी के द्वारा किया गया है तो वहीं मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशन टीकम जोशी ने इसे निर्देशित किया है। लगभग 20 कलाकारों की टीम सुबह ठीक 10 बजे नाट्य प्रस्तुति देगी।स्थानीय निर्देशक अंजलि शुक्ला ने बताया कि सृष्टि आरम्भ दिवस और वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 के आरंभ के अवसर पर आधे घंटे की नाट्य प्रस्तुति शंखनाद नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। ब्रह्मध्वज की स्थापना से नाटक का शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन के सहयोग से होने वाली इस प्रस्तुति दर्शकों के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा। अतः ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर नव संवत्सर के इस आयोजन में भागीदार बनें।

### अंडर 18 वन डे क्रिकेट टीम का चयन आज

छतरपुर। जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-18 वन डे क्रिकेट टीम का चयन 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से साईं स्पोट्र्स अकैडमी क्रिकेट मैदान पर किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितंबर 2006 या उसके बाद हुआ है वे खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं इसके साथ ही सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे। सभी खिलाड़ी सफेद ड्रेस में अपनी किट के साथ समय पर उपस्थित हो।

चार लड़के और लड़कियां पकड़े गए

# देह व्यापार के अड्डों पर पुलिस के छापे

छतरपुर

शनिवार को छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक बार फिर लगातार मिल रहीं शिकायतों के आधार पर सागर रोड, देरी रोड के कुछ संदिग्ध देह व्यापार अड्डों पर छापामार कार्यवाही की है। यह कार्यवाही सिविल लाइन पुलिस और महिला थाने के बल के द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान चार लड़के और चार लड़कियों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है।



टीआई बाल्मीकी चौबे ने बताया कि एसपी अगम जैन के निर्देश पर जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों से मिलने वाली शिकायतों के आधार पर देह व्यापार करने वाले लोगों की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही ऐसे अड्डों पर भी सतत जांच-पड़ताल की जा रही है जहां से देह व्यापार की आशंका है। इन्हीं शिकायतों के आधार पर शनिवार को देरी रोड और सागर रोड के कुछ स्थानों पर छापेमार कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान चार लड़के लड़कियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# जहूर हत्याकाण्ड में आरोपी इशाक बुटलर को उम्रकैद

### 2023 में बदले की रंजिश में की गई थी हत्या

छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 के दौरान हुए एक चर्चित हत्याकाण्ड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए मामले के मुख्य आरोपी इशाक बुटलर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि इशाक बुटलर ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए जहूर मुसलमान की हत्या कर दी थी।




डीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि अदालत के लिए यह काफी कठिन मामला था लेकिन फिर भी कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है। दरअसल 2023 में जहूर मुसलमान जो कि इशाक बुटलर के भाई की हत्या के मामले में जेल से पैरोल पर रिहा होकर घर आया था उसे इशाक बुटलर ने मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में मृतक के परिवार के लोग अदालत में गवाही से मुकर गए थे और मुख्य विवेचना अधिकारी तत्कालीन टीआई अरविंद कुजूर भी गवाही के पहले इस दुनिया से चल बसे थे। इसके बावजूद इस मामले में हत्या की मंशा के लिए कातिल के पास मौजूद वजह, मृतक के शरीर में मिली गोली और जब्त कट्टे को मुख्य आधार मानकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी इशाक बुटलर को आजीवन कारावास और 10 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# चोरी का सीसीटीव्ही वीडियो देखकर चौंक गए लोग



### लड़की के कपड़े में दिखा चोर, चार दुकानों के ताले टूटे

छतरपुर। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात बिजावर में गुलगंज रोड पर चोरों ने चार दुकानों के ताले तोड़ दिए। इन दुकानों से हजारों रूपए की सामग्री और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है साथ ही चोरी का एक सीसीटीव्ही वीडियो भी सामने आया है जिसे देखकर लोगों के होश उड़ गए। इस वीडियो में चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य लड़की के कपड़े में चोरी करता हुआ नजर आया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह गुलगंज रोड पर संचालित होने वाली चार दुकानों अमृत दूध डेयरी, बालाजी बोर वैल, सृजन एनजीओ, महाकाल मेट्रो के ताले तोड़कर यहां बड़े पैमाने पर चोरी की घटना सामने आयी है। चोरों ने यहां से इंडेक्शन, बैटरियां और नगदी चोरी कर ली। एक पीड़ित दुकानदार दीनदयाल विश्वकर्मा ने थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है साथ ही इस मामले में एक सीसीटीव्ही फुटेज भी पुलिस को सौंपा है जिसमें दो चोर चोरी करते नजर आ रहे हैं इनमें से एक चोर ने सलवार सूट पहन रखा है।

# कुजूर काण्ड की आरोपी आशीराजा की जमानत खारिज

छतरपुर

छतरपुर कोतवाली के पूर्व टीआई अरविंद कुजूर आत्महत्या मामले में मुख्य आरोपी बनाई गई उनकी कथित प्रेमिका आशीराजा और इसके बॉयफ्रेंड सोनू राजा को फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा। अदालत ने इस मामले में दोनों आरोपियों की जमानत याचिका को फिलहाल खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों आरोपियों पर टीआई अरविंद कुजूर का अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने, ब्लेकमेल करने और उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।



गौरतलब है कि 6 मार्च 2025 को छतरपुर के नौगांव रोड पर स्थित पेप्टेक टाउन में किराए के मकान के भीतर कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में ओरछा रोड थाना पुलिस ने टीआई की कथित प्रेमिका आशीराजा और उसके बॉयफ्रेंड सोनू राजा को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। शनिवार को अनुसूचित जाति जनजाति मामलों की विशेष अदालत में न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह बघेल के समक्ष आरोपी पक्ष की ओर से एडवोकेट रवि पाण्डेय ने जमानत याचिका प्रस्तुत की थी। इस मौके पर बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष अपने-अपने तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत किए लेकिन अदालत ने कहा कि मामला गंभीर है और इस स्तर पर साक्ष्यों व तर्कों का निर्वचन नहीं किया जा सकता। अतः फिलहाल दोनों आरोपियों को एक बार फिर अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।



# गुटखा फैक्ट्री पर फिर पहुंची टीम, तंबाकू गायब, सुपारी मिली

छतरपुर।

*पिछले दिनों छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर एक प्रशासनिक टीम ने झांसी-खजुराहो फोरलेन पर संचालित होने वाली अमन इंटरप्राइजेज नामक फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की थी तब संदेह व्यक्त किया गया था कि इस फैक्ट्री में अवैध रूप से गुटखे का निर्माण चल रहा है तब प्रशासनिक टीम ने फैक्ट्री को शील्ड कर दिया था। शनिवार को एक बार फिर एसडीएम अखिल राठौर के नेतृत्व में इस फैक्ट्री की जांच कराई गई लेकिन जब प्रशासनिक टीम यहां पहुंची तो गोदाम के भीतर सिर्फ कटी हुई सुपारी पाई गई, तंबाकू के साक्ष्य नहीं मिले। एसडीएम ने खाद्य विभाग की टीम के साथ मौके से सेम्पल लेकर जांच शुरू कर दी है।*

# प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित हुआ एफएलएन मेला का द्वितीय चरण

छतरपुर। भारत सरकार के निपुण भारत अभियान एवं मध्य प्रदेश शासन के मिशन अंकुर के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जिले के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन मेला द्वितीय चरण का आयोजन किया गया।



डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल से और बच्चो के सर्वांगीण विकास से जोडऩा है। समुदाय की सहभागिता के साथ मेले में गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए। बच्चों एवं पालकों की सहभागिता के साथ पूर्ण मनोयोग से एफएलएन मेला प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विधिवत संपन्न किया गया। मेले के आयोजन में कक्षा पहली दूसरी के बच्चे एवं अभिभावकों विशेष रूप से माताओं की सहभागिता रही। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में शाला समय पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 7 स्टॉल लगाए गए। 5 स्टॉल में बच्चो ने गतिविधियां कीं, जबकि एक-एक स्टॉल पंजीयन एवं फीडबैक के लिए रहे। बच्चों के प्रदर्शन को रिपोर्ट कार्ड के आधार पर बच्चों को अभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक अरुण शंकर पांडेय एपीसी अकादमिक नीरज खरे, डाइट प्राचार्य आरके वर्मा, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से मोनिका जैन एवं रोशनी यादव, डाइट के समस्त अकादमिक सदस्य, समस्त बीआरसीसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों ने मेलों का अवलोकन करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**इनका कहना है-**

एफएलएन मेला राज्य शिक्षा केन्द्र की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भाषा विकास एवं गणितीय विकास आदि क्षमताओं का मूल्यांकन करते हुए कक्षा में ऐसी गतिविधियों को आयोजित करना है, जो स्कूली परिवेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होती है।

**नीरज खरे, एपीसी,**
**अकादमिक, जिला शिक्षा केन्द्र, छतरपुर**

# राजयोगिनी की पुण्य स्मृति को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया

छतरपुर। ब्रह्माकुमारीज़ छतरपुर द्वारा राजयोगिनी दादी जानकी जी का 5वां पुण्य स्मृति दिवस बड़ी ही श्रद्धा भावना से मनाया गया। इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन जी ने दादी जी के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा कि आज ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका परम आदरणीय राजयोगिनी दादी जानकी जी का 5वां अव्यक्त दिवस है उनका जीवन सच्चाई, सफाई और सादगी के आदर्शों के लिए समर्पित रहा। दादी जी आज भी हमें प्रेम और सेवा से भरपूर जीवन जीने की प्रेरणा दे रही है। दादी जी ने पूरा जीवन सारे विश्व की आत्माओं को आध्यात्मिक रूप से जागृत करने के लिए समर्पित किया और अंत तक भी इसी सेवा में तत्पर रहीं इसीलिए ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दादी जी का पुण्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।



इस श्रद्धांजलि सभा में ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन जी, बीके रमा, बीके रजनी, रेखा बहन सहित उपस्थित सभी भाई बहनों ने दादी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दादी जी की दी हुई शिक्षाओं को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया।



### हिंदू जोड़ों संगठन के तत्वाधान में लगाए गए भगवा ध्वज

छतरपुर। घर-घर भगवा, हर घर भगवा अभियान के तहत हिंदू जोड़ों संगठन द्वारा छत्रसाल चौक के चारों दिशाओं में आकाशवाणी तिराहा, नंबर 1 तिराहा, दौलत होटल, मोटे के महावीर मंदिर तक भगवा ध्वज लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से एमबीबीएस डॉक्टर की टीम मौजूद रही। डॉक्टरों में डॉ. सुनील चौरसिया, डॉ. ऋषि द्विवेदी, डॉ. विशाल चतुर्वेदी, डॉ. रूसिया, डॉ. साकेत, डॉ साक्षी गंगेले, डॉ.तुषार बिसला मौजूद रहे। इस वर्ष के श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों में प्रत्येक व्यक्ति को सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह बुन्देलखण्ड का सबसे भव्य और दिव्य ऐतिहासिक त्यौहार रहेगा। अंत में बब्बा जू महाराज के चरण सेवक राहुल संजू मिश्रा द्वारा समस्त राम भक्तों का आभार व्यक्त किया गया साथ ही सभी को राम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने स्वस्थ्य भारत स्वच्छ भारत की संकल्पना का दिया संदेश

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ईकाई एक (पुरुष वर्ग) का ग्राम छिरावल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेशचंद्र अहिरवार के निर्देशन में तथा विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई दो (महिला वर्ग) की कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव के निर्देशन में लगाया गया है। पंचम दिवस 29 मार्च ईकाई एक के स्वंयसेवी छात्रों ने छिरावल में स्थित मंदिर प्रांगण की साफ सफाई की एवं गली में फैले प्लास्टिक कूड़े करकट को एकत्र कर कूड़ेदान में फेंक कर ग्राम वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध हो इसके बारे में अवगत कराया बौद्धिक सत्र में इतिहास के सहा. प्राध्यापक बृजेश तिवारी एंव अंग्रेजी के सहा. प्राध्यापक हिमांशु दीक्षित उपस्थित रहे जिन्होने अपने अपने विचार रखकर शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों एवं स्वयं सेवी विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दीं। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित शिविर इकाई दो में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें बौद्धिक सत्र में समाज सेवी संतोष गंगेले ने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए नियमित व्यायाम करने पोषक आहार लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चतुर्थ दिवस 28 मार्च को इकाई एक ने ग्राम छिरावल में जन जागरूकता रैली निकालकर ग्राम वासियों को मतदान शिक्षा एवं स्वस्थ्य के बारे में समझाया तथा बौद्धिक सत्र में डॉ.बृज किशोर विश्वकर्मा ने बीमारियों के बारे में तथा उन बीमारियों का निदान कैसे हो इसके बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा वर्तमान समय में हो रही वायरल बीमारियों जैसे- सर्दी, जुकाम, फीवर आदि को भी विस्तार पूर्वक समझा गया है। वही इकाई दो ने विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था हेतु सकोरा अभियान के अंतर्गत पेड़ो पर सकोरा बांधे गए। बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान की सहा. प्राध्यापक डॉ. वंदना तिवारी ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को व्यर्थ में जल बर्बाद नहीं करना चाहिए मिलकर जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए यह निश्चित करें कि




जितना जरूरत हो उतना ही जल का उपयोग करे। तृतीय दिवस 27 मार्च इकाई एक ने ग्राम छिरावल मे श्रमदान के रूप में तालाब का गहरीकरण एवं धार्मिक स्थलो की साफ सफाई की गई एवं बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान के सह. प्राध्यापक डॉ.विजय चतुर्वेदी ने स्वयं सेवकों तथा ग्रामवासियों को अपने विचारों के माध्यम से युवाओं को आगे बढऩे की बात कहते हुए बताया कि युवाओं को अध्यात्म के प्राचीन तौर तरीकों जैसे योगा और ध्यान को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। वही ईकाई दो के स्वंयसेवी छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई तथा वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर अदिति त्रिपाठी और अनुज द्विवेदी उपस्थित रहें। बौद्धिक सत्र में हिंदी की सहा. प्राध्यापक वंदना शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखें और बताया कि हमें अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाई के सभी स्वयं सेवी मनोयोग से अपने कार्य का निर्ववाहन कर रहे है और स्वास्थ्य भारत स्वच्छ भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने का सफल प्रयास कर रहें है।

# एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम एंगुरा में लगाया निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

सिंगरौली। शुक्रवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम एंगुरा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा, ब्लॉक-बी परियोजना तथा डॉ. राजर्षी सरकार, केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), के. डी. जैन एवं नोडल अधिकारी (सीएसआर) तथा परियोजना से अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इस से पूर्व एनसीएल की ब्लॉक–बी परियोजना द्वारा सीएसआर के तहत ग्राम महदेइया, ग्राम पडरी एवं ग्राम नौढिया में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।





# विक्रमोत्सव का आयोजन 30 मार्च को अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में

### विक्रमोत्सव में सुनील रावत देंगे सम्राट विक्रमादित्य की नाट्य प्रस्तुति

सिंगरौली 29 मार्च 2025/ कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने बताया कि विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ ईसवी कलैण्डर 30 मार्च 2025 को हो रहा है। जिला स्तर पर विक्रमोत्सव समारोह का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रातः 10 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्ह ध्वज का वंदन के साथ किया जायेगा। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा ब्रम्ह ध्वज का वंदन किया जायेगा। एवं विक्रम संवत की भूमिका के बारे मे अवगत कराने के साथ ही कलाकरो के द्वारा नाट्य प्रस्तुति "सम्राट विक्रमादित्य" का मंचन किया जायेगा। कलेक्टर शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर सूर्य उपासना आयोजन अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन नाट्य दल निर्देशन सुनील रावत एवं नाट्य दल के सदस्यों के द्वारा किया जायेगा। उक्त सम्पूर्ण समारोह हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### रीवा केंद्रीय जेल से पैरोल में छूटा कैदी हुआ फरार, हत्या के मामले में काट रहा था आजीवन कैद की सजा

रीवा । जिले केंद्रीय जेल से पैरोल पर छोड़ा गया कैदी निधर्धारित समय पर जेल वापस नहीं लौटा। परेशान जेल प्रशासन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कैदी और उसके जमानतदार के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फरार कैदी राजेन्द्र जायसवाल मझिगवां थाना बरगवां जिला सिंगरौली का निवासी है। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे 10 मार्च को पैरोल पर छोड़ा गया था, लेकिन 25 मार्च तक वह जेल वापस नहीं आया। जेल प्रशासन ने विछिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने पुष्टि की है कि मामले की जांच जारी है।

### शराब पीकर नो एंट्री में वाहन चलाने पर यातायात पुलिस ने 1 लाख 15 हजार का लगाया जुर्माना



रीवा । पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार की जा रही है इसके पालन में वाहन क्रमांक एम एच 15 एचएच 7290 का वाहन चालक राहुल सिद्धि पिता दादा बहू उम्र 34 वर्ष निवासी शिवपुरी नासिक नो एंट्री में प्रवेश कर गया था। चालानी कार्रवाई के दौरान बहस किए जाने पर शराब की बदबू आने पर ब्रीथ एनलाइजर से मेडिकल कराया गया तथा प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय द्वारा नो एंट्री एवं ड्रिंक एंड ड्राइव का 30500 का जुर्माना किया गया है साथ ही लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे जाएंगे। इसी तरह वाहन क्रमांक एमपी 19 एनडी 4852., वाहन क्रमांक एमपी 17 जेडडी 9370, वाहन क्रमांक एमपी 17 एमएन 1632, वाहन क्रमांक एमपी 17 एमजी 5727, वाहन क्रमांक एमपी 04 टीए 8349, वाहन क्रमांक एमपी 17 एमडब्लू 6923, माल वाहक वाहन क्रमांक एमपी 17 एमटी 8999 के चालक शराब के नशे पर प्रतीत होने पर ब्रीथ एनलाइजर से मेडिकल कराकर प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा दोनों चालकों का 71000 का जुर्माना किया गया है।

### स्वच्छ एमपी रील्स प्रतियोगिता में 2 लाख जीतने का मौका

कटनी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 के अंतर्गत मध्यप्रदेश में कचरा प्रबंधन से संबंधित प्रमुख चुनौतियों को हल करने के प्रयासों में युवाओं, रचनाकर्मियों, विद्यार्थियों आदि को रचनात्मक रील्स के माध्यम से संलग्न करने के लिए एक राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता की थीम है ''कचरा नहीं, यह कंचन है इसे अलग-अलग करें और पैसा कमाएं।'' इसके 3 मुख्य विषय है ''गीला सूखा कचरा अलग-अलग करे एवं उचित निपटान'', ''कचरे का दोबारा उपयोग'' एवं ''खुले में कचरा नहीं फेकना।'' इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्राम का उचित अपशिष्ट प्रबंधन पर रील बनाकर डलळवअ पोर्टल पर अपलोड करना है। सभी योग्य प्रविष्टियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। साथ ही प्रतियोगता में प्रथम पुरस्कार जीतने वाले विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 1 लाख रूपये एवं तृतीय पुरस्कार विजेता को 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा।

# चर्चित 15 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी मामले में इओडब्लू भोपाल ने दर्ज किया मामला, न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन, बैंक मैनेजर सहित 5 शराब ठेकेदारों पर दर्ज हुई एफआईआर

रीवा

जिले मे 15 करोड़ से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर शराब ठेकों के आवंटन मामले में आबकारी अधिकारी, बैंक प्रबंधक और 5 शराब कारोबारियों के विरुद्ध ईओडब्ल्यू भोपाल में एफआईआर दर्ज हुई है। मामले में शराब ठेकेदारों, जिला आबकारी अधिकारी और जिला सहकारी बैंक शाखा मोरबा की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई है। इसकी शिकायत दो साल पहले आरटीआई कार्यकर्ता एड. बीके माला ने ईओडब्ल्यू रीवा में की थी, जिस पर जांच भोपाल आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई ने की, शिकायतकर्ता अधिवक्ता बी. के. माला ने 28 जून 2023 को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर इओडब्लू ने जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि शराब ठेकेदारों को नियमों के विरुद्ध जाकर फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर लाइसेंस दिए गए। जिला सहकारी बैंक शाखा मोरबा जिला सिंगरौली के तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक नागेन्द्र सिंह ने 15 करोड़ 32 लाख 23 हजार 440 रुपये की 14 फर्जी बैंक गारंटी जारी की। इनमे से 9 बैंक गारंटी शराब ठेकेदारों को दी गईं, जिनका इस्तेमाल उन्होंने रीवा, सिंगरौली, उमरिया और सतना जिलों में शराब ठेको के लाइसेंस प्राप्त करने के लिए किया, वही ईओडब्ल्यू ने सत्यापन में पाया कि वर्ष 2023-24 में




आबकारी विभाग के पक्ष में 9 अधिकारविहीन बैंक गारंटी कुल राशि 10 करोड़ 65 लाख 14 हजार 610 रुपये की तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा जारी की गई हैं। मेसर्स लक्ष्मी इंटरप्राइजेज बैकुण्ठपुर समूह प्रोपराइटर नृपेन्द्र सिंह के पक्ष में 17 मार्च 2023 को 14555000 रुपये की अधिकारविहीन बैंक गारंटी जारी की गई थी। नृपेन्द्र सिंह उर्फ राजू को ही 17 मार्च 2023 की तिथि पर क्रमशः समूह देवतालाब के लिए 10697000 रुपये, नईगढ़ी समूह के लिए 9030000 रुपये, हनुमना समूह के लिए 12777000 रुपये, मेसर्स आशा इंटरप्राइजेज इटौरा समूह के प्रोपराइटर अजीत सिंह को 15637000 रुपये, मेसर्स उपेन्द्र सिंह मऊगंज समूह को 28 मार्च 2023 की तिथि पर 9278550 रुपये, आदित्य प्रताप सिंह रायपुर कर्चुलियान समूह को 7810060 रुपये, मेसर्स आर्या ग्रुप प्रोपराइटर विजय बहादुर सिंह समान नाका समूह को क्रमशः 2230000 एवं 24500000 रुपये की अधिकारविहीन बैंक गारंटी जारी की गई,जबकि बैंक गारंटी जारी करने के लिए बैंक को आरबीआई की अनुसूची में शामिल होना जरूरी चाहिए,वही लेकिन इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी को स्वीकार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने नियमों के विपरीत जाकर इन फर्जी बैंक गारंटियों को स्वीकार किया व शराब ठेकेदारों को ठेके दिए, जांच में यह भी सामने आया कि बाद में जब शिकायत हुई तो आबकारी अधिकारी ने लाइसेंसियों से अनुसूचित बैंकों की गारंटी प्राप्त कर इस अपराध को दुरुस्त किया। शराब ठेकेदारों ने बैंक मैनेजर और आबकारी अधिकारी के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया। उन्होंने बिना किसी संपत्ति / प्रतिभूति या जमा राशि के फर्जी बैंक गारंटी प्राप्त की,सहकारी बैंक के तीन सदस्यीय जांच दल ने भी अपनी रिपोर्ट में नागेन्द्र सिंह और शिवशंकर सिंह द्वारा गंभीर अनियमितता की पुष्टि की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, सीधी के 27 जून, 2023 के प्रतिवेदन के अनुसार, बैंक गारंटी जारी करने की नीति निर्धारण का अधिकार बैंक संचालक मंडल या स्टाफ उप-समिति के पास है, और मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के नियमों के तहत, काउंटर गारंटी पर ही बैंक गारंटी जारी हो सकती है। बॉक्स इन धाराओं के तहत मामला हुआ दर्ज जांच उपरांत नागेन्द्र सिंह, अनिल जैन और शराब ठेकेदारों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 420 धोखाधड़ी 120 बी आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 की धारा 7 सी के तहत मामला दर्ज किया गया है।बाक्सप्रथम दृष्टि जांच में इन पर मामला हुआ दर्ज ईओडब्लू में फिलहाल जांच में जिनको आरोपी बनाया है उनमे नागेन्द्र सिंह, तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा मोरबा जिला सिंगरौली, नृपेन्द्र सिंह उर्फ राजू प्रोपराइट मेसर्स माँ लक्ष्मी इण्टरप्राईजेज, वैकुण्ठपुर, हनुमना, नईगढी, देवतालाब शराब दुकान समूह, अजीत सिंह, प्रोपराइटर. मेसर्स आशा ऐन्टरप्राईजेज, इटौरा शराब दुकान समूह, उपेन्द्र सिंह बघेल, मउगंज शराब दुकान समूह आदित्य प्रताप सिंह, रायपुर कर्चुलियान शराब दुकान समूह, विजय बहादुर सिंह, प्रोपराइटर मेसर्स आर्याग्रुप, समान नाका शराब दुकान समूह व अनिल जैन, जिला आबकारी अधिकरी शामिल है।इनका कहना है2022-23 में कंपोजिट शराब दुकान के लिए निविदा जारी की गई थी, जिसके फर्जी बैंक गारंटी लगाकर संविदाकारों ने दुकान हासिल की थी, कूटरचित दस्तावेज लगाकर लाइसेंस के रूप में 1 साल दुकान चला कर जो धन अर्जित किया है वह अर्जित संपूर्ण धन प्रोसिफ ऑफ क्राइम है याचिकाकर्ता के कई शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक पीआईएल प्रस्तुत की गई थी, जिसमें संबंधित विभाग को नोटिस जारी की गई थी जिसमें उनका कोई प्रति उत्तर नहीं आया था, केवल एक विभाग से दूसरे विभाग में चिट्ठियां लिखी जा रही थी जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बादइओडब्लू भोपाल एफआईआर दर्ज की है।

**अमित सिंह सेंगर**
**अधिवक्ता हाई कोर्ट जबलपुर।**

## ईद, नवरात्रि और झूलेलाल जयंती पर शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने की बैठक, कंट्रोल रूम में शांति समिति के सदस्यों के साथ हुई बैठक



रीवा। आगामी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। पुलिस कंट्रोल रूम में हुई इस बैठक में ईद, नवरात्रि और झूलेलाल जयंती को लेकर शांति समिति के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बैठक में विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी भाग लिया और त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी त्योहार शांति से और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं। ईद के अवसर पर विशेष रूप से नमाज स्थलों की सफाई, सड़क मार्ग की व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट्स की स्थिति को दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही जल आपूर्ति के लिए तीन बार आपूर्ति करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। नगर पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक खबरों से बचने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रख रही है और किसी भी तरह की गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर हर जानकारी की सत्यता की जांच करें और अफवाहों से बचें। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि सभी समुदाय मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं और किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति से बचने का प्रयास करें। पुलिस अधिकारियों ने शहर भर के थाना प्रभारी और यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें और सुरक्षा के सभी उपायों को सख्ती से लागू करें। शहर में त्योहारों के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया। पुलिस विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया कि हर थाना क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और किसी भी असामाजिक तत्व के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए।

## कपड़ा दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, कपड़े व नकदी लेकर हुए रफूचक्कर, गढ़ बाजार में अज्ञात चोरों ने वारदात को दिया अंजाम, पुलिस ने शुरू की जांच



रीवा। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ बाजार में स्थित एक प्रतिष्ठित कपड़ा दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के पीछे से टीन शेड हटाकर दुकान के अंदर प्रवेश किया और वहां रखे कीमती कपड़े व नकदी लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद दुकान मालिक ने गढ़ पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तफ्तीश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़ बाजार स्थित ट्रेंड्स एंड मेन्स वेयर नामक कपड़ा दुकान को चोरों ने निशाना बनाया है, दुकान संचालक अंकित सिंह बघेल, निवासी गढ़ ने बताया कि वे गुरुवार रात को अपनी दुकान बंद करके घर लौट आए थे। उन्होंने बताया कि अगले दिन शुक्रवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान के पीछे का टीन शेड हटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के अंदर दाखिल होकर उन्होंने पाया कि वहां रखी जींस, शर्ट, और अन्य कपड़े गायब थे, साथ ही दुकान से लगभग ढाई सौ रुपये नकद भी चुराए गए थे। घटना के बाद अंकित सिंह ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद गढ़ पुलिस की एक टीम घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि यह वारदात चोरों की ओर से पूरी तरह से सुनियोजित तरीके से की गई प्रतीत होती है, क्योंकि चोरों ने दुकान के पीछे से टीन शेड हटाकर अंदर प्रवेश किया और बड़े ही व्यवस्थित तरीके से सामान चुराया। गढ़ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और चोरों की पहचान के लिए आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, पुलिस स्थानीय निवासियों से भी पूछताछ कर रही है ताकि चोरों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सके। पुलिस ने यह भी कहा कि इस वारदात के पीछे कुछ जानकार हाथ हो सकते हैं, जिनकी मदद से जल्दी ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल के रीजनल कांफ्रेंस का किया शुभारंभ



रीवा । लायंस इंटरनेशनल की रीजनल कांफ्रेंस का आयोजन शया जी होटल रीवा में किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कांफ्रेंस का शुभारंभ करते हुए कहा कि लायंस क्लब तथा लायंस इंटरनेशनल पीड़ितों की सेवा को समर्पित संगठन है। इसके सेवाभावी सदस्यों ने रीवा में बाढ़ और कोविड जैसे संकटकाल में अपने जान की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा की। अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन जीवन उन्हीं का सार्थक होता जो दूसरों के लिए जीते हैं। आज व्यक्तियों का नहीं उनके सेवा भाव का सम्मान किया जा रहा है। लायंस क्लब सदैव विश्वशांति और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा है। यह सेवाभाव हमारे संस्कारों में है। उप मुख्यमंत्री ने लायंस इंटरनेशनल कांफ्रेंस की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में लायंस के रीजनल चेयरमैन अतुल जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लायंस के उद्धेश्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। लायंस सुनील सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने लायंस क्लब की स्मारिका कृति का विमोचन किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने रीवा की आटो रिक्शा चलाने वाली महिला रितु सिंह को सम्मानित किया। समारोह में मूखवाधिर विद्यार्थियों के लिए स्कूल चलाने वाली रंजना श्रीवास्तव तथा सोनाली श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। मानवता की सेवा में विशिष्ट योगदान देने के लिए उप मुख्यमंत्री ने समारोह में लायंस प्रेम सलूजा, लायंस प्रकाशचंडब, लायंस नरेन्द्र जैन, लायंस सतेन्द्र शर्मा, लायंस महेन्द्र सार्राफ, लायंस बीपी सिंह परिहार, लायंस सुमित गुप्ता, लायंस सुरेन्द्र पारिख तथा दीप्ति पारिख को सम्मानित किया तथा समारोह आरके सिंह, एम के गुप्ता, आशोक अग्रवाल, विवेक दुबे, लायंस बीपी सूरी, लायंस विभू सूरी, लायंस त्रिलोकचन्द्र बड़डिया, सज्जीजान तथा सुधीर जैन को भी सम्मानित किया गया।

### जिले भर में आज मनाया जाएगा विक्रम संवत नववर्षपचमठा में आज विक्रम नववर्ष का होगा मुख्य आयोजन

रीवा । विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन चैत्र प्रतिपदा नववर्ष उत्सव 30 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन मुख्य आयोजन पचमठा में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि समारोह में सबसे पहले ब्राहध्वज वंदन किया जाएगा। इसके बाद विक्रम संवत शुरू होने के इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाएगी। समारोह में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री मिश्र का उद्बोधन होगा। नववर्ष के प्रथम दिन प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों में ब्राहध्वज स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर ने आमजनता से विक्रम नववर्ष समारोह में भागीदारी का अनुरोध किया है।

## वैश्य दिवस के महासम्मेलन शहर में निकलेगी वाहन रैली

रीवा। वैश्य महासम्मेलन इकाई की बैठक दिनांक 28 को जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के निवास में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि वैश्य दिवस पर वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई,महिला इकाई, व युवा इकाई मिलकर वाहन रैली निकालेगी। वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च को वैश्य दिवस के रूप में मनाया जाता है उसी दिन गुड़ी पड़वा,हिन्दू नववर्ष भी होता है। उन्होंने आगे बताया की वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा अयोजित वाहन रैली में सभी वैश्य बंधु दो पहिया वाहन के साथ सम्मिलित हों। कार्यक्रम के प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि वाहन रैली सुबह 09:30 बजे प्रारंभ होगी जो वैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर स्टेचू चौराह प्रकाश चौराहा शिल्पी प्लाजा ताला हाउस के सामने से अग्रसेन चौक होते हुए मनकामेश्वर शिव मंदिर कोठी कंपाउंड में पहुंचकर मनकामेश्वर शिव भगवान की पूजा अर्चना करने व प्रसाद वितरण के पश्चात वाहन रैली संपन्न होगी। युवा इकाई जिलाध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा युवा इकाई के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे। ज्यादा से ज्यादा युवा को वैश्य दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर वैश्य समाज की एकता का परिचय देना चाहिए। महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता ने बताया कि वैश्य दिवस के कार्यक्रम के वाहन रैली में हमारी वैश्य बहनें ज्यादा से ज्यादा सम्मिलित होंगी। जिलाध्यक्ष नीलम चौरसिया ने भी अपने विचार रखते हुए कहा हम सभी वैश्य बंधु एक होकर हर कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए उन्होंने शिव पूजन की जिम्मेदारी ली और सभी वैश्य बहनों से अपील की दो पहिया वाहन लेकर बहने पहुँचे और जिन बहनों पास वाहन न हो वो भी आएं और वाहन रैली में शामिल हों। जिला प्रभारी संजय अयोध्या गुप्ता ने कहा वैश्य दिवस, गुड़ी पड़वा हिन्दू नववर्ष हम सभी को मनाना चाहिए इसलिए 30 मार्च को सभी वैश्य बंधुओं को वैश्य दिवस के कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने सभी को 22 व 23 मार्च को अनूपपुर में संपन्न वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की जानकारी दी। उन्होंने ये भी बताया वैश्य महासम्मेलन के सभी साल भर के 12 कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति हुई है,अब हर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मऊगंज में मीठा पानी की सप्लाई के लिए तरस रहे लोग

## तीन माह से नहीं मिला पानी, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद सीएमओ उपयंत्री को किया निलंबित

मऊगंज



जिले में केएनके कंपनी द्वारा आठ वर्ष पूर्व मऊगंज को मीठा पानी देने का ठेका दिया गया था किंतु नगर परिषद के वार्डों में 25 फ़ीसदी भी पीने के लिए पानी कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया जबकि नगर परिषद द्वारा पूर्ण भुगतान किया जा रहा है नगर परिषद के सीएमओ उपयंत्री द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया गया पानी सप्लाई के नाम पर पूरे शहर को उखाड़ दिया गया हाल ही में तीन माह पूर्व केएनके कंपनी द्वारा वार्ड नंबर दो में पानी सप्लाई के नाम पर पुरानी पाइपलाइन तोड़ दी गई और उसमें सड़क बना दी गई नगर परिषद और कम्पनी के द्वारा तीन माह से पानी नहीं दिया गया परेशान होकर वार्ड वासी ने सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत की थी इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा पानी मुहैया नहीं कराया गया किंतु सीएम हेल्पलाइन को लेकर नगरी प्रशासन विभाग ने सीएमओ उपयंत्री को निलंबित कर दिया है*नगर परिषद की तय हो जिम्मेदारी* मऊगंज में केएनके कंपनी के निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर कई बार शिकायतें हो चुकी है जहां-जहां पानी सप्लाई के नाम पर जमीन खोदी गई वहां पर मरम्मत नहीं की गई टूटी पाइपों को नहीं जोड़ा गया सड़कों के किनारे पाइपलाइन बिछाने के बाद पेवर ब्लॉक नहीं लगाया गया जगह-जगह गड्ढे और नालियां है मेंटेनेंस के नाम पर पूरा भुगतान हो चुका है पानी सप्लाई के नाम पर पूरे नगर को तहस-नहस कर दिया गया नगर में कुल 15 वार्ड है आठ वर्ष पूरे हो जाने के बावजूद भी पूरे नगर में 25 फ़ीसदी भी पीने का पानी मुहैया नहीं हो सका नगर परिषद की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं सीएमओ उपयंत्री को निलंबित करने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षदों की भूमिका क्या है अभी तक तय नहीं हो पाया नगर का विकास करने इन्हीं विकास पुरुषों को नगर की जनता ने नगर परिषद की कुर्सी पर बैठाया है पर अभी तक उनकी जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है इन भ्रष्ट व्यवस्थाओं पर कभी जांच नहीं होती*खरीदी पूरी पूरी*केएनके कंपनी द्वारा नगर को स्वच्छपानी देने के लिए कई संसाधनों की खरीदी की गई है जिसमें सड़कों के किनारे नाली खोदकर पाइप डालने के बाद मेंटेनेंस के मटेरियल पेवर ब्लॉक लगाने पाइप टोटी मीटर इन सब की खरीदी नगर परिषद के निर्देशन और देखरेख में की गई है शहर में सैकड़ो जगह पानी बह रहा है नगर परिषद और कंपनी द्वारा कोई मॉनिटरिंग नहीं की जाति कागजों में टोटी पाइप और मेंटेनेंस के बिल भुगतान हो चुके हैं नगर वासियों को समय पर पानी नहीं मिल रहा फिर भी बिल की वसूली की जा रही है।

## मऊगंज पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप के परिवहन करते तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



मऊगंज

मुखबिर से सूचना मिली कि एक बिना नंबर की तेजा होण्डा कार में तीन लड़के अवैध नशीली कफ सिरप लादकर अलग अलग जगह में परिवहन हेतु ले जाने वाले है मुखबिर की सूचना में हमराह स्टाफ व अधिकारीयों को अवगत कराते हुए एवं थाना हनुमना प्रभारी निरी अनिल काकडे, हमराह स्टाफ के द्वारा पीछा करते हुए ग्राम बहुती गाड़ा मोड मे घेराबंदी की गई तो एक सफेद रंग की विना नम्बर की कार में तीन व्यक्ति बैठे मिले जिनका नाम पता पूछने पर नाम 1-अमित सिंह पिता यशवंत सिंह चौहान उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मोहनिया थाना कोत्वानी जिला मीची 2-अमोल तिवारी पिता स्व. रोहगी प्रसाद तिवारी उम्र वर्ष 24 वर्ष निवासी ग्राम नाहा थाना सिटी कोतवाली जिता सीधी 3 बासीष पटेल पिता हनुमान प्रसाद पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बिठौली थाना अमिलिया जिला सीधी का होना बताये वाहन को चेक करने पर वाहन के अंदर बोरी में रखी अवैध नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स कुल 2160 शीशी पाई गई जिसकी कुल कीमती 4,21,200 रुपये एवं बिना नंबर की ग्लेबा होण्डा कार कीमत 12.00000 रुपये की जब्त किया है पुलिस लिया गया उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को फोन से देकर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 223/2025 बारा-8ए (जी), 21, 22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 गुना कन्ट्रोल एक्ट कायम कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।